# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

पीठासीन अधिकारी – सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)

राजस्व वाद संख्या – 75/2023 जी.सी.एन.एस. नम्बर – 2023/153

दायर दिनांक – 08.06.2023 निर्णय दिनांक – 17.07.2025

1. रुकमणी पत्नी मोहनराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

–वादी

बनाम

1. रोहित कुमार पुत्र संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
2. अम्मी देवी पत्नी संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
3. अनीता पुत्री संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
4. सवीना पुत्री संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
5. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी
6. पुष्पा पत्नी किशनाराम गोदारा जाति विश्नोई निवासी ईसरूपर तहसील बाप जिला फलोदी
7. सुनील कुमार पुत्र ईश्वराम जाति विश्नोई निवासी ईसरूपर तहसील बाप जिला फलोदी

–प्रतिवादी

## राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955

उपस्थित :–1. श्री मदनसिंह भाटी अधिवक्ता वादी
2. पेशकार मार्फत तहसीलदार बाप

## –: निर्णय :–

वादी ने एक राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम का इस आशय से पेश किया कि ग्राम नेवा पटवार क्षेत्र कानासर तहसील बाप में खसरा नम्बर 689/1 रकबा 7.1962 हैक्टेयर वादी एवं प्रतिवादीगण की संयुक्त काश्त भूमि है जिसे वाद पत्र में वादग्रस्त भूमि से संबोधित किया गया है। उक्त वादग्रस्त भूमि में वादी व प्रतिवादीगण का हिस्से अनुसार कब्जा काश्त रहा है, वादी एवं प्रतिवादीगण ने उक्त वादग्रस्त भूमि का मौका पर आपसी सहमति से हिस्से माफिक बटवाड़ा कर लिया था।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया, प्रतिवादीगण सं. 6 व 7 की ओर से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही की गई। पत्रावली में अधिवक्ता वादी की बहस सुनकर ग्राम नेवा पटवार क्षेत्र कानासर तहसील बाप में खसरा नम्बर 689/1 रकबा 7.1962 हैक्टेयर भूमि का हिस्सा-अनुसार विभाजन प्रस्ताव लाने बाबत प्राथमिक डिक्री जारी की गई। तहसीलदार बाप द्वारा विभाजन प्रस्ताव तैयार कर दो प्रतियों में पत्र पेश किया गया जो शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली अंतिम बहस में रखी गई।

तहसीलदार बाप द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव पर अधिवक्ता वादी की बहस सुनी गई। अधिवक्ता वादी ने अपनी बहस में कथन किया कि उनके द्वारा उक्त प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव का अवलोकन कर लिया गया है तथा प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव विधि सम्मत एवं माफिक इस्तदुआ होने से स्वीकार किया जावे साथ में यह भी कथन किया कि उक्त प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

के सम्बन्ध में कोई उजर एतराज नहीं है। प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव स्वीकार कर अंतिक डिकी जारी किये जाने के आदेश फरमाये जाने का निवेदन किया।

अधिवक्ता वादी की बहस पर मनन किया गया एवं तहसीलदार बाप द्वारा प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। बाद मनन एवं अवलोकन पाया गया कि प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव माफिक प्राथमिक डिकी अनुसार तैयार कर तहसीलदार, बाप द्वारा पेश किया गया है। उक्त प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने हेतु अधिवक्ता वादी द्वारा भी इस्तदुआ की गई है। अतः तहसीलदार बाप द्वारा प्रस्तुत किये गये विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

## क्रियात्मक आदेश

तहसीलदार बाप द्वारा राजस्व ग्राम नेवा पटवार क्षेत्र कानासर तहसील बाप में खसरा नम्बर 689/1 रकबा 7.0962 हैक्टेयर भूमि के सम्बन्ध में प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है। उक्त वादग्रस्त भूमि का वादी एवं प्रतिवादीगण सं. 6 व 7 के मध्य निम्नुसार बंटवाड़ा किया जाता है :-

| क्र. स. | पक्षकारान् का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा/हैक्टयर | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोशनी पत्नी मोहनराम जाति विश्नोई सा. देह खातेदार | नेवा | 689/1 | 4.2589 हैक्टेयर | बी-4 |
| 2 | पुष्पा पत्नी विशनाराम गोदारा 1/2 हिस्सा जाति विश्नोई सा. ईशरनगर, सुनील कुमार पुत्र हीराराम 1/2 हिस्सा जाति विश्नोई सा. ईशनगर (नेवा) खातेदार | नेवा | 689/1 | 2.8393 हैक्टेयर | बी-4 |

तहसीलदार बाप को आदेश दिया जाता है कि उपरोक्त वादग्रस्त भूमि के विभाजन का राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद कर वादी एवं प्रतिवादी सं. 6 व 7 के खाते राजस्व रिकॉर्ड में अलग-अलग कायम कर इसी अनुसार नक्शा लठ्ठा ट्रेस में तरमीम करे। विभाजन प्रस्ताव के संलग्न नजरी नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग समझा जायेगा। डिक्री पर्चा अलग से जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 17.07.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुखराम पिण्डेल आर.ए.एस)
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

सहायक कलेक्टर
बाप, जिला फलोदी (राज.)

# अंतिम डिगरी बमुकदमें इब्तदाई

(आदेश 21 नियम 6, 7 जाब्ता दीवानी)

## अज अदालत सहायक कलक्टर मुकाम बाप जिला फलोदी

पीठासीन अधिकारी सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)

01 रोशनी पत्नी मोहनराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

—वादी

बनाम

01 रोहित कुमार पुत्र संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
02 सोनी देवी पत्नी संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
03 अमीता पुत्री संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
04 सविता पुत्री संदीप जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी (विलोपित)
05 राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी
06 पुष्पा पत्नी विशनाराम गोदारा जाति विश्नोई निवासी ईशरनगर तहसील बाप जिला फलोदी
07 सुनील कुमार पुत्र हीराराम जाति विश्नोई निवासी ईशरनगर तहसील बाप जिला फलोदी

—प्रतिवादी

**राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955**

**राजस्व वाद संख्या 75/2023**

यह मुकदमा आज वास्ते इन फिसाल कतई रूबरू मेरे सुखाराम पिण्डेल पीठासीन अधिकारी व हाजिर मदनसिंह भाटी मिनजानिब मुदई व मिनजानिब मुदायलहा पेश होकर हुकम दिया जाता है एवं डिगरी दी जाती है कि राजस्व ग्राम नेवा पटवार क्षेत्र कानासर तहसील बाप में खसरा नम्बर 689/1 रकबा 7.0982 हैक्टेयर भूमि के सम्बन्ध में प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है। उक्त वादग्रस्त भूमि का वादी एवं प्रतिवादीगण सं. 6 व 7 के मध्य निम्नुसार बंटवाड़ा किया जाता है :—

| क्र. सं. | पक्षकारान् का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा (हैक्टेयर में) | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोशनी पत्नी मोहनराम जाति विश्नोई सा. देह खातेदार | नेवा | 689/1 | 4.2589 हैक्टेयर | बी—4 |
| 2 | पुष्पा पत्नी विशनाराम गोदारा 1/2 हिस्सा जाति विश्नोई सा. ईशरनगर, सुनील कुमार पुत्र हीराराम 1/2 हिस्सा जाति विश्नोई सा. ईशनगर (नेवा) खातेदार | नेवा | 689/1 | 2.8393 हैक्टेयर | बी—4 |

तहसीलदार बाप को आदेश दिया जाता है कि उपरोक्त वादग्रस्त भूमि के विभाजन का राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद कर वादी एवं प्रतिवादी सं. 6 व 7 के खाते राजस्व रिकॉर्ड में अलग—अलग कायम कर इसी अनुसार नक्शा लट्ठा ट्रेस में तरमीम करे। विभाजन प्रस्ताव के संलग्न नजरी नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग समझा जायेगा।नीचे

मुतालिक बाबत खर्चा इस मुकदमें मय सूद व शहर फीस सदी सालाना आज की तारीख वसूल याबी तक को अदा करे।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 17.07.2025 को जारी की गई।

सहायक कलक्टर

(सुखाराम पिण्डेल R.A.S.)
सहायक कलक्टर
बाप (फलोदी)

| मुदई | रूपया | पैसे | मुदायला | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा स्टाम्प | | | स्टाम्प वकालत नामा | | |
| स्टाम्प वकालत नामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | मेहनताना वकील | | |
| मेहनताना वकील | | | खर्चा वाहन | | |
| खर्चा गवाहन | | | फीस कमीश्नर | | |
| फीस कमीश्नर | | | बाबत् इजराय हुक्मनामा | | |
| बाबत् इजराय हुक्मनामा | | | मुत्फरिक | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

नोट :— इस खर्चे के फार्म पर कुल खर्च यह हो फरीकन का चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो न तो दर्ज किया जावे।